turing units at Bhopal and Hardwar going?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI NARAYAN DATT TIWARI): (a) to (c) Orders on BHEL for thermal and hydro power generating equipment are adequate in the current year. The order book position shows a minor gap for 1984-85 and larger gap in subsequent years. In the prevailing situation of constraint of resources, low demand for hydro plants may be mainly ascribed to longer gestation period for such plants in comparison with thermal plants. With clearance of more projects by the Central Electricity Authority/Planning Commission and through placement of further orders on BHEL, its shops could be more fully loaded. Efforts are being made in this direction.

उत्तरी क्षेत्र में वस्तुओं के उत्पादन में गिरावट

587. **श्री भीम सिंह :**
डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी :
श्रीमती किशोरी सिन्हा :

क्या **उद्योग** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के वाणिज्य मंडल की 1982 की सर्वेक्षण रिपोर्ट की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या उत्तरी क्षेत्र में अनेक वस्तुओं का उत्पादन गिर गया है जसा कि इस रिपोर्ट में कहा गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में तथ्य क्या हैं और उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

उद्योग मंत्री (श्री नारायण दत्त तिवारी): (क) से (ग) पंजाब, हरियाणा, दिल्ली वाणिज्य और उद्योग मंडल ने सूचित किया है कि उसने उद्योगों को महत्वपूर्ण कच्ची सामग्री की कमी के बारे में सरकार का ध्यान प्रत्यक्षः आकर्षित नहीं किया है। किन्तु, यह बताया गया है कि दुर्लभ औद्योगिक कच्चे माल की कमी के कारण उत्तरी क्षेत्र में औद्योगिक एककों द्वारा अनुभव की गई कठिनाइयों को राष्ट्र के सभी प्रमुख समाचारपत्रों में प्रकाशित किया गया है।

केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन के औद्योगिक उत्पादन सम्बन्धी अनन्तिम आंकड़ों के आधार पर वर्ष 1981 की अपेक्षा 1982 के दौरान समग्र वृद्धि की दर 4.5 प्रतिशत निकलती है।

यमुना में प्रदूषण

588. **श्री भीम सिंह :**
डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी :
श्रीमती किशोरी सिन्हा :

क्या **प्रधान मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान भारतीय पर्यावरण सोसायटी के एक विशेषज्ञ द्वारा यमुना नदी के पानी का परीक्षण करने के बाद निकाले गये इस निष्कर्ष की ओर दिलाया गया है कि यमुना जल बहुत अधिक प्रदूषित है;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या हैं; और

(ग) क्या सरकार इस प्रदूषण को रोकने के लिए तत्काल कोई कार्यवाही करेगी ?

पर्यावरण विभाग में उप-मन्त्री (श्री दिग्विजय सिंह) : (क) जी, हां।